परामर्शदाता– जन स्वास्थ्य (आरआरसी–एनई) के पद पर
भर्ती हेतु सूचना

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है।

एनएचएसआरसी, गुवाहाटी, असम में अपने शाखा कार्यालय– पूर्वोत्तर राज्यों के लिए क्षेत्रीय संसाधन केंद्र (आरआरसी–एनई) में परामर्शदाता, जन स्वास्थ्य के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

प्रमुख कार्यः

- परामर्शदाता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आरंभ किए गए विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को पूर्वोत्तर के राज्यों में आरंभ और कार्यान्वयन करने के लिए उत्तरदायी होगा
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सूचकों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एचएमआईएस/एमसीटीएस/जिला स्वास्थ्य कार्य योजना से मौजूदा आधारभूत आंकड़ों (बेसलाइन डेटा) का उपयोग करते हुए जिलों और राज्यों के कार्य अभिमुख निगरानी दौरों की योजना बनाना
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय पहलुओं, जैसे कि मुक्त निधियों का उपयोग, एएमजी, वीएचएसएनसी, आरकेएस सेवाएं, पीआईपी पर विकेंद्रीकृत नियोजन की निगरानी करना
- संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों (उपकेंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) और जिला के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निगरानी फीडबैक देना। यह सुनिश्चित करना कि इन स्वास्थ्य केंद्रों की मासिक कार्यक्रम समीक्षा बैठकों में फीडबैक पर चर्चा की जाती है।
- परामर्शदाता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सूचकों में गुणवत्तापरक सुधार सुनिश्चित करने के लिए एक जिले में कम से कम प्रतिमाह तीन दिन और फील्ड में कम से कम 10–15 दिन बिताएंगे। दौरे के प्रेक्षण और स्थिति के आधार पर परामर्शदाता, जिले के संबंधित अधिकारियों को लिखित फीडबैक रिपोर्ट देगा।
- इन रिपोर्टों के अनुमोदन के उपरांत उन्हें राज्य/जिला मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) को अग्रेषित करना
- परामर्शदाता, दौरा किए गए स्वास्थ्य केंद्रों के फीडबैक की निगरानी पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिए राज्य कार्यक्रम टीम के साथ तिमाही में कम से कम एक बार बैठक करेगा
- परामर्शदाता, जिलों/राज्य के लिए प्रमुख व्यक्ति के रूप में कार्य करेगा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/मंत्रालय की समीक्षा बैठकों में अपनी जानकारियां प्रदान करेगा।
- वह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा एनएचएसआरसी के मॉडल स्वास्थ्य जिले, मृत्यु समीक्षाएं, तकनीकी प्रोटोकॉल में सुधार करना इत्यादि जैसे विशिष्ट कार्य संपादित करेगा।
- निदेशक, आरआरसी–एनई द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

पात्रता एवं योग्यताएंः

अनिवार्य–

- चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुष/फार्मेसी/नर्सिंग में स्नातक उपाधि सहित जन स्वास्थ्य या सामुदायिक स्वास्थ्य या स्वास्थ्य प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि
- जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- स्नातकोत्तर उपाधि धारकों के लिए स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान अथवा सेवा प्रदायगी के नियोजन एवं कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव और डिप्लोमा धारकों के लिए न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव

- उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल– मौखिक और लिखित
- प्रदर्शित प्रबंधकीय कौशल एवं टीम का नेतृत्व करने की योग्यता
- एमएस–ऑफिस पैकेज में प्रवीणता

वांछनीय–

- नियोजन एवं नीति सहित रणनीति विकास में प्रदर्शित अनुभव और/या फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन/जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने के कार्य का प्रदर्शित अनुभव
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।

आयु सीमा: 40 वर्ष या उससे कम, यात्रा करने का इच्छुक होना चाहिए।

कार्य स्थल: आरआरसी–एनई, गुवाहाटी, असम

रिपोर्टिंग: निदेशक, आरआरसी–एनई, गुवाहाटी

नोट: उत्कृष्ट उम्मीदवारों के लिए आयु/शैक्षिक योग्यता/अनुभव में ढील दी जा सकती है।

केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन फार्म में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन, दिनांक **6-Oct-2015 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। लिंक एनएचएसआरसी वेबसाइट पर अपलोड की गई टीओआर पर उपलब्ध है।